**दिनांक : 01/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दी देशवासियों को शुभकामनाएं।
- जबलपुर बरगी डैम क्रूज हादसे में 4 की मौत, 15 बचाए गए, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी।
- शिवराज सिंह चैहान ओडिशा दौरे पर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चैथे चरण का करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश में मौसम का बदला मिजाज, कल 15 जिलों में आंधी-बारिश, आज 17 जिलों में अलर्ट जारी।
-

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु- बुद्ध पूर्णिमा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पवित्र दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की ऐतिहासिक घटनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश आज भी पूरी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने नागरिकों से बुद्ध के आदर्शों को अपनाकर एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

जबलपुर-हादसा

जबलपुर के बरगी बांध पर कल शाम खमरिया टापू के पास तेज तूफान और ऊंची लहरों की चपेट में आकर 29 सवारियों से भरा एक क्रूज डूब गया। जबलपुर से आकाशवाणी संवाददाता सुरभि तिवारी के मुताबिक अब तक 4 लोगों के शव मिल चुके हैं, 24 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि 11 लोग अभी भी लापता हैं। लापता लोगों के लिए एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। घटनास्थल पर पहुंचे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने हादसे को बेहद दुखद बताते हुए गंभीर जांच का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान और प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कई नेताओं ने जबलपुर के बरगी डैम क्रूज हादसे पर गहरा दुख और संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

अमित शाह- लेह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लेह के चोग लम्सर जिले के फोटांग में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष प्रदर्शनी और बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन करेंगे। श्री शाह लेह में केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान से करगिल में 10 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र का शिलान्यानस भी करेंगे। गृह मंत्री लद्दाख के दो दिन की यात्रा पर कल लेह पहुंचे थे।

शिवराज सिंह चैहान- ओडिशा दौरा

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान आज ओडिशा की यात्रा पर हैं। वे रायगड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चैथे चरण का शुभारंभ करेंगे। इस चरण में 1 हजार 698 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 827 सड़क परियोजनाएं बनाई जाएंगी, जिनकी कुल लंबाई करीब 171 किलोमीटर होगी।

ऑनलाइन गेमिंग के नए नियम

केंद्र सरकार ने आज से ऑनलाइन गेमिंग के नए नियम लागू कर दिए हैं, जिनके तहत पैसे लगाकर खेले जाने वाले सभी ऑनलाइन गेम्स पर पूरी तरह बैन लगा दिया गया है। इन प्लेटफॉर्म के विज्ञापन और पैसों के लेनदेन पर भी रोक रहेगी और नियम तोड़ने वालों को जुर्माने के साथ जेल भी हो सकती है। सरकार ने इन नियमों की निगरानी के लिए आईटी मंत्रालय के अधीन भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण बनाया है, जहां उपयोगकर्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

मजदूर दिवस- मुख्यमंत्री

हर साल आज के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस यानी मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मकसद मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मान देना है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार मजदूरों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कल मंत्रालय में संबल योजना के तहत 27 हजार 167 श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना में अब तक 1.80 करोड़ से ज्यादा असंगठित श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है और 8 लाख से अधिक मामलों में 7 हजार 720 करोड़ से ज्यादा की मदद दी जा चुकी है।

कचरा प्रबंधन- चार स्तरीय निगरानी समिति

प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर अमल करते हुए प्रदेश में ठोस कचरा प्रबंधन की निगरानी के लिए मल्टी-टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स बनाई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने संभाग, जिला, निकाय और वार्ड स्तरों पर समितियां गठित की हैं। संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त, जिला स्तर पर कलेक्टर और निकाय स्तर पर महापौर या अध्यक्ष इन समितियों की अगुवाई करेंगे।

एमपी पुलिस-आरक्षक चयन प्रक्रिया

प्रदेश पुलिस विभाग में जिला बल के लिए 6800 आरक्षकों की चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है, जिसमें 2 हजार 70 पदों पर महिला उम्मीदवारों का चयन किया गया है। सभी इकाइयों को नियुक्ति की कार्रवाई एक महीने के भीतर पूरी करने की समय-सीमा दी गई है।

वंदे भारत सेवा -जम्मू-श्रीनगर

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए पहली सीधी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। 266 किलोमीटर की यह दूरी अब करीब 5 घंटे में पूरी होगी, जबकि सड़क मार्ग से 8 से 10 घंटे लगते थे। यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए ट्रेन में अब 8 की जगह 20 कोच लगाए गए हैं। नियमित सेवा 2 मई से शुरू होगी और रास्ते में कटरा, रियासी और बनिहाल स्टेशनों पर रुकेगी।

महाकाल मंदिर-लड्डू प्रसाद

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर समिति ने हाईटेक मशीनों से लड्डू प्रसाद बनाने के लिए करीब 40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। अभी तक मैन्युअल तरीके से रोजाना अधिकतम 50 क्विंटल लड्डू बनते थे, लेकिन नई यूनिट शुरू होने के बाद यह क्षमता बढ़कर 100 क्विंटल हो जाएगी। सिंहस्थ 2028 महाकुंभ को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त प्रसाद मिल सके।

कैलाश यात्रा

उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा आज शुरू हो रही है। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने इस यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सभी तैयारी कर ली है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंजीकृत श्रद्धालुओं की यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट जारी कर दिए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। कल भोपाल, ग्वालियर समेत 15 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हुई, जबकि उमरिया और मुरैना में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, शहडोल, बालाघाट समेत 17 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

आईपीएल

आईपीएल में कल रात अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 156 रन के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स ने 25 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया। इससे पहले, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर और दो गेंद में 155 रन बनाए। आज शाम साढ़े सात बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल भोपाल के रवींद्र भवन में कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण वर्ष डैशबोर्ड, पैक्स सदस्यता पंजीयन पोर्टल, एकीकृत सहकारी प्रबंधन सूचना प्रणाली और सीएम किसान हेल्पलाइन 155253 का शुभारंभ किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- संबल 2.0 के तहत मंदसौर जिले के 564 श्रमिक परिवारों को 12 करोड़ 38 लाख की सहायता राशि ट्रांसफर की गई।
- खंडवा में 9 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत से पहले जिला न्यायालय में बीमा क्लेम प्रकरणों को लेकर प्रीसिटिंग बैठक हुई।
- आगर-मालवा में बुद्ध पूर्णिमा पर केवड़ा स्वामी भैरवनाथ मंदिर में प्रदेश के साथ गुजरात और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।
- छिंदवाड़ा में नगर निगम आयुक्त ने बिना अनुमति बनाई जा रही 6 कॉलोनियों को अवैध घोषित कर कार्रवाई की।
- नर्मदापुरम में जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, आज से ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल ऐप के जरिए मकान सूचीकरण का काम शुरू।
- डिंडौरी में 5 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर श्आरोह-2026श् का आयोजन होगा, कलेक्टर की अध्यक्षता में तैयारी बैठक संपन्न।

-------------